वर्ल्डवाइड कॉस्ट ऑफ लिविंग रिपोर्ट

हाल ही में **वर्ल्डवाइड कॉस्ट ऑफ लिविंग रिपोर्ट** जारी की गई है जिसमें बताया गया है कि **तेल अवीव (इज़रायल की राजधानी)** रहने के लिये दुनिया का सबसे महँगा शहर है।

- यह रिपोर्ट **इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट (Economist Intelligence Unit)** द्वारा संकलित की गई है। यह विभिन्न शहरों में रहने के संकेतकों की लागत की तुलना करता है।

प्रमुख बिंदु

- **सबसे महँगा शहर: इज़रायल का शहर तेल अवीव (Tel Aviv) पिछले वर्ष के शीर्ष देश पेरिस को पीछे छोड़कर पहली बार रैंकिंग में सबसे ऊपर है, जबकि पेरिस अब सिंगापुर के साथ दूसरे स्थान पर है।**
  - पेरिस और सिंगापुर संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं, उसके बाद ज्यूरिख और हॉन्गकॉन्ग का स्थान है। इस सूची में न्यूयॉर्क छठे स्थान पर तथा जिनेवा सातवें स्थान पर है।
- **रिपोर्ट की कार्यप्रणाली:** सूचकांक को न्यूयॉर्क शहर में कीमतों के मुकाबले बेंचमार्क किया गया है, इसलिये अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मज़बूत मुद्राओं वाले शहरों की रैंकिंग में उच्च दिखाई देने की संभावना है।
- **परिणाम का दायरा: वर्ल्डवाइड कॉस्ट ऑफ लिविंग इंडेक्स, 2021 द्वारा 173 वैश्विक शहरों में रहने की लागत को ट्रैक किया गया है और यह 200 से अधिक उत्पादों एवं सेवाओं की कीमतों का तुलनात्मक अध्ययन करता है।**
- **कोविड-19 का प्रभाव:** आपूर्ति-शृंखला की रुकावटों और बदलती उपभोक्ता मांग ने कई बड़े शहरों में रहने की लागत को बढ़ा दिया है। इसके अलावा विगत पाँच वर्षों में सबसे तीव्र मुद्रास्फीति दर्ज की गई है।
- **भारतीय परिदृश्य: सर्वेक्षण में भारत के अहमदाबाद (गुजरात) को शीर्ष दस सबसे सस्ते शहरों में सूचीबद्ध किया गया है।**
  - सबसे सस्ते शहरों में दमिश्क (सीरिया की राजधानी) शीर्ष पर है। इसके बाद सबसे सस्ते शहरों की रैंकिंग में त्रिपोली (लीबिया), ताशकंद (उज़्बेकिस्तान), ट्यूनिस (ट्यूनीशिया) और अल्माटी (कज़ाखस्तान) का स्थान है।

द इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट (EIU)

- द इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट (The Economist Intelligence Unit) द इकोनॉमिस्ट ग्रुप का शोध एवं विश्लेषण प्रभाग है, जो द इकोनॉमिस्ट अखबार की सिस्टर कंपनी है।
- EIU लोकतंत्र सूचकांक **(Democracy Index)** भी जारी करता है, जो 165 स्वतंत्र राज्यों और दो क्षेत्रों में दुनिया भर में लोकतंत्र की स्थिति का एक स्नैपशॉट प्रदान करता है।
- EIU के **लोकतंत्र सूचकांक (Democracy Index)** में **भारत 53वें स्थान** पर है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/worldwide-cost-of-living-report